"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक-शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 31] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 3 अगस्त 2007—श्रावण 12, शक 1929

भाग 3 (1)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, राजनांदगांव

राजनांदगांव, दिनांक 18 जुलाई 2007

प्रारूप क्र.-5
[नियम 5 (1) देखिये]

[छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और छ. ग. लोक न्यास नियम, 1962 के नियम 5 (1) द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव के समक्ष

क्रमांक/1426/अ.वि.अ./07.—अत: मुझे यह प्रतीत होता है, कि अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति छ. ग. लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 2 की उपधारा (4) के आशय के अधीन लोक न्यास का गठन करती है :—

अब इसलिए मैं एस. सी. बंजारे लोक न्यासों का पंजीयक राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव, मेरे न्यायालय में दिनांक 13 अगस्त, 2007 के दिवस सोमवार पर कथित अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) में यथा अपेक्षित मामले में जांच करने को प्रस्तावित करता हूं.

एतद्द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि कथित न्यास या संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या इसमें हितबद्ध कोई व्यक्ति और आपत्ति या सुझाव देने का आशय रखने वाले को दो प्रतियों में इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व संपत्ति का विवरण)

(1)	लोक न्यास का नाम और पता	:	श्री सांई बाबा मंदिर ट्रस्ट समिति, सांई दर्शन नगर, राजनांदगांव, सचिव, श्री कैलाश रामटेके आ. स्व. श्री ईश्वरदास रामटेके.
(2)	अचल संपत्ति	:	कौरिनभाठा, राजनांदगांव स्थित श्री शरदकुमार आ. श्री एस. एस. शर्मा निवासी पद्मनाभपुर, दुर्ग के स्वत्व की परिवर्तित भूमि ख. नं. कुल 9, रकबा 0.35 एकड़ परिवर्तित लगान 500=00 रुपया.
(3)	चल संपत्ति	:	बैंक आफ बड़ौदा शाखा राजनांदगांव में सेंविग बैंक खाता क्रमांक-2001051 में जमा राशि 5,000=00 रुपया.

राजनांदगांव
दिनांक 17-7-2007

एस. सी. बंजारे,
अनुविभागीय अधिकारी एवं
पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2007.